संयोजक: प्रो.(डॉ.) सुषमा सहरावत

छात्रा अध्यक्ष: मुस्कान सिंह

हिंदी रचनात्मक लेखन समिति 'सृजन' द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में **10 सितम्बर 2025** को **अन्तः महाविद्यालय नारा लेखन प्रतियोगिता** स्थान L109 में दोपहर 1:00 बजे आयोजित किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत में समिति की शिक्षक संयोजिका प्रोफेसर (डॉ) सुषमा सहरावत ने प्रतियोगिता के नियम समझाए और उनके द्वारा प्रतियोगिता आरम्भ किया गया। इस प्रतियोगिता में कमला नेहरू महाविद्यालय की केवल प्रथम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में नारा लेखन का विषय था- **डिजिटल ज्ञान ।** छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का सही उपयोग करते हुए नारा लेखन की इस प्रतियोगिता को अत्यंत सफल बनाया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में उपस्थित डॉ. मनोज कुमार तथा डॉ. नीरू ने छात्राओं को नारा लेखन की बारीकियों के विषय में संक्षेप में बताया और उन्हें प्रेरित किया। तत्पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता के विजेता रहे- प्रथम पुरुस्कार-अनुष्का शुक्ला, मनोविज्ञान विशेष, प्रथम वर्ष द्वितीय पुरुस्कार:- अदीबा सादिक, बी ए (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष। तृतीय पुरुस्कार:- दीपिका आनंद, राजनीति विज्ञान विशेष, प्रथम वर्ष। प्रोत्साहन पुरुस्कार:- प्रियांशी सिंह, इतिहास विशेष, प्रथम वर्ष तथा निधि कुमारी, बी ए (प्रोग्राम),प्रथम वर्ष। कार्यक्रम के अंत में समिति संयोजिका द्वारा निर्णायक मंडल और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देने के साथ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

'सृजन ' द्वारा **15 अक्तूबर 2025** को 'अंतःमहाविद्यालय पल्लवन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया था। पल्लवन का विषय था- **"परहित सरिस धरम नहीं भाई।"** इस प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को 29 अक्तूबर 2025 को समिति संयोजक प्रो.(डॉ.) सुषमा सहरावत और शिक्षक सदस्य डॉ. नीरू कुमारी द्वारा प्रमाणपत्र तथा धन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे- प्रथम पुरस्कार- प्रतिष्ठा गुप्ता, दर्शनशास्त्र विशेष, तृतीय वर्ष। द्वितीय पुरस्कारः- समृद्धि पंवार, बी ए (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष।तृतीय पुरस्कार:- प्रीति कश्यप, हिंदी विशेष , द्वितीय वर्। प्रोत्साहन पुरस्कार - निधि कुमारी, बी.ए. (प्रोगाम), प्रथम वर्ष तथा आँचल जायसवाल, हिंदी विशेष, प्रथम वर्ष।

सृजन समिति द्वारा IQAC, Rise and Shine Mental well being initiative तथा Expressions:The English creative writing ssociety के संयुक्त तत्वावधान में **'अंतःमहाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता'** का ऑनलाइन आयोजन किया गया. विषय था: बाल विवाह मुक्त भारत: बचेगा बचपन तो बढ़ेगा भारत। निबंध जमा करने की अवधि **14 फरवरी 2026- 23 फरवरी 2026** रखी गयी। प्रतियोगिता double blind reviewed रखी गई थी। प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया हिन्दी विशेष तृतीय वर्ष की छात्रा प्राप्ति पंत ने। द्वितीय पुरस्कार जेसिका गुप्ता इतिहास (विशेष) की छात्रा ने प्राप्त किया

और तृतीय पुरस्कार सौम्या कुमारी हिन्दी(विशेष) की छात्रा को मिला। पुरस्कार स्वरूप उपरोक्त सभी को क्रमशः 1500/- 1000/-और 500/- की नगद राशि तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

''सृजन' द्वारा **09 अप्रैल** 'अंतःमहाविद्यालय पल्लवन प्रतियोगिता' **को वार्षिकोत्सव 'उल्लास 26 धरोहर' के अंतर्गत अंतरमहाविद्यालय मौलिक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन** किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों के विविध विभागों के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 35 प्रतिभागियों की प्रविष्टियां कविता पाठ हेतु पंजीकरण के माध्यम से स्वीकृत की गई। निर्णायक मंडल के रूप में दूरदर्शन के पूर्व कार्यक्रम निदेशक डॉ. अमरनाथ 'अमर' तथा हास्य- व्यंग्य कवि श्री दीपक गुप्ता जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ समिति संयोजक प्रो.सुषमा सहरावत द्वारा मुख्य अतिथियों और सभी प्रतिभागियों के स्वागत संबोधन से किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। 'सृजन' समिति की छात्रा अध्यक्ष मुस्कान सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। समिति की उपाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने डॉ.अमरनाथ 'अमर' का परिचय पाठ किया और समिति संयोजक प्रो. सुषमा सहरावत ने पौधा भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात समिति की छात्रा अध्यक्ष मुस्कान सिंह ने श्री दीपक गुप्ता का परिचय पाठ किया और समिति की शिक्षक सदस्य डॉ. नीरू कुमारी ने पौधा भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक इसमें सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रतिभागियों ने विविध विषयों पर प्रभावशाली कविताओं का सृजन कर अपनी वाणी में उन्हें प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जो इस प्रकार रहे - प्रथम पुरस्कार : अनूप यादव, बीएससी (प्रो.) जीवन विज्ञान,तृतीय वर्ष, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज। द्वितीय पुरस्कार- उत्कर्ष सिंह,बी. वॉक. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट(प्रथम वर्ष), रामानुजन कॉलेज।तृतीय पुरस्कार- सूरज शर्मा, हिंदी ऑनर्स, तृतीय वर्ष, वेंकटेश्वर कॉलेज । पुरस्कार स्वरूप उपरोक्त सभी को क्रमशः 5000/- 3000/-और 2000/- की नगद राशि तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतियोगिता में तीन प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए जिन्हें प्राप्त किया- 1.आमना, भूगोल (विशेष), द्वितीय वर्ष, कमला नेहरू कॉलेज। 2.महेंद्र कुशवाहा, बीएससी गणित(विशेष), द्वितीय वर्ष, पीजीडीएवी कॉलेज(सांध्य) तथा 3.कनक शुक्ला, इतिहास (विशेष), तृतीय वर्ष, गार्गी कॉलेज। अंत में समिति संयोजक प्रो. सुषमा सहरावत ने निर्णायक मंडल को धन्यवाद देते हुए सभी विजेताओं को बधाई दीं तथा प्रतिभागियों, उपस्थितजनों तथा 'सृजन' समिति की समस्त टीम को आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए का धन्यवाद ज्ञापित किया।